Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of a road connecting Pratapgarh district headquarters in Rajasthan to Jaora in Madhya Pradesh-Laid.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में प्रतापगढ़ (राज.) जिला एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, वर्तमान में दिल्ली से मुम्बई के लिये 8 लेन एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है जो कि प्रतापगढ़ जिले के पास से ही मध्यप्रदेश के जावरा के निकट से गुजर रहा है । प्रतापगढ़ जिले को यदि इस एक्सप्रेसवे के निकटतम शहर जावरा तक सड़के के द्वारा सम्पर्क हो जाता है तो प्रतापगढ़वासियों के लिये सड़क के क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक सौगात होगी । इस एक्सप्रेस-वे के जावरा से प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय वाया अरनोद जिसकी दूरी लगभग 62 किलोमीटर है वहाँ के लिये एक राजमार्ग का निर्माण होने पर शेष देश तथा देश की राजधानी दिल्ली का आर्थिक राजधानी मुम्बई से प्रतापगढ़ का सीधा जुड़ाव हो जायेगा, जिससे यहाँ पर शिक्षा उद्योग एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी ।